<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

पर्यावरण की रक्षा के लिये सामूहिक संकल्प की आवश्यकता--राज्यपाल

वृक्षारोपण करना प्रकृति के साथ 'सेफ डिपाजिट' करने जैसा-श्री नाईक

लखनऊः 05 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज विश्व पर्यावरण के अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक परिसर लखनऊ में वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि शहरीकरण के कारण जगह-जगह पेड़ों की कटाई, अवैध खनन से अंधाधुन्ध तरीके से पृथ्वी का शोषण हो रहा है। प्राकृतिक सम्पदा का दोहन सावधानी से करें। वंसुन्धरा सबको स्वयं कुछ न कुछ देती है इसलिये प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग संयमित होना चाहिये। स्वार्थ के लिये प्राकृतिक संसाधनों का दोहन जलवायु परिवर्तन, भूकम्प, बाढ़ आदि जैसी आपदाओं की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिये सामूहिक संकल्प की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से हमें सावधान रहने की जरूरत है। धार्मिक ग्रन्थों में भी वृक्षों व पर्यावरण के साथ मेल-मिलाप का भाव मिलता है। वृक्षारोपण करना प्रकृति के साथ 'सेफ डिपाजिट' करने जैसा है। जो भी पौधे रोपित किये जायें उनको उत्साहपूर्वक बचाने तथा उचित देखभाल का प्रयास होना चाहिये। कई बार ऐसा भी देखने में आया है कि एक ही जगह पर बार-बार वृक्षारोपण किया जाता है। पर्यावरण बचाने के लिये समग्रता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर केवल विचार नहीं, बल्कि अपनी कृत्ति से भी सहयोग करें।

श्री नाईक ने कहा कि भारतीय रिर्जव बैंक लखनऊ का वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुकरणीय एवं अभिनन्दनीय कदम है। वृक्षारोपण का कार्य आगे बढ़े जिससे लोगों मे जागरूकता बढ़े। उन्होंने भारतीय रिर्जव बैंक से अपने पुराने रिश्ते की चर्चा करते हुए कहा कि रिर्जव बैंक में आने का यह तीसरा अवसर है। सबसे पहले वे नौकरी के साक्षात्कार के लिये रिर्जव बैंक आये थे, जिसमें उनका चयन भी हो गया था मगर बाद में उन्होंने महालेखाकार कार्यालय में नौकरी की। दूसरी बार वे सांसद बनने के बाद एक कार्यक्रम में मुंबई के रिजर्व बैंक गये थे। आज वृक्षारोपण के संबंध में वे तीसरी बार रिजर्व बैंक आये। उन्होंने कहा कि रिर्जव बैंक से उनका पुराना नाता है। संसद में लोक लेखा समिति के अध्यक्ष एवं पेट्रोलियम मंत्री रहते हुए रिर्जव बैंक के अधिकारियों से बराबर विचार-विर्मश होता रहता था। पेट्रोलियम मंत्री के कार्यकाल के समय उन्होंने देश का 34 सौ करोड़ सूडान में तथा 9500 करोड़ रूस में निवेश किया था जो काफी सफल प्रयोग रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय रिर्जव बैंक की सलाह महत्वपूर्ण होती है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक, श्रीमती सुप्रिया पटनायक ने स्वागत उद्‌बोधन दिया तथा भारतीय रिर्जव बैंक की ओर से राज्यपाल को एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। राज्यपाल ने परिसर में आम का पौधा रोपित किया। रिर्जव बैंक परिसर में वृक्षारोपण अभियान के तहत 500 पौधे रोपे जायेंगे।

RESERVE BANK OF INDIA
BOSCH
" SHRI RAM NAIK,
HON'BLE GOVERNOR,
UTTAR PRADESH "
BOSCH